तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से वृद्ध की मौत, चालक हिरासत में

गोलाबाजार (गोरखपुर)। राम जानकी मार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह डेईडीहा तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, हालांकि स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे उरुवा थाने के पास पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर और चालक को कब्जे में लेकर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार खोपापार गांव निवासी



रामनरेश मौर्य (70) पुत्र स्व. रमापति मौर्य बनवारपार चौराहे पर सब्जी की दुकान चलाते थे। सब्जी की खरीदारी और बिक्री के लिए वह ई-रिक्शा का इस्तेमाल करते थे। बुधवार सुबह वह

◆रामजानकी मार्ग पर डेईडीहा में हुआ हादसा, इलाज के दौरान तोड़ा दम

सब्जी खरीदने के लिए ई-रिक्शा से डेईडीहा तिराहे पहुंचे थे। इसी दौरान गोला की तरफ से उरुवा जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पलट गया और राम नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर उरुवा की ओर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने उसका पीछा किया तो वह उरुवा थाने के पास ट्रेलर खड़ा कर थाने में चला गया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर रामनरेश के बड़े पुत्र गोविंद मौर्य मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल पिता को बड़हलगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र गोविंद और सोविंद मौर्य हैं। सोविंद उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वह भी पहुंच गए। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी भी लंबे समय से बीमार रहती हैं।

इस संबंध में गोला थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रेलर और चालक को पकड़कर थाने लाया गया है। अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

सहायक चकबंदी अधिकारी ने किसानों के साथ की बैठक

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा खीरीडाड़ में सहायक चकबंदी अधिकारी उमा शंकर राव के नेतृत्व में सेक्टर बनाने के लिए किसानों के साथ बैठक हुई। बैठक में 26 सेक्टर बनाने का निर्णय लिया गया। ग्रामसभा में चक बंदी चल रही है और चक कटने की स्थिति आ गई है। चक कटने से पूर्व सभी जोत को सेक्टर में



बांटना आवश्यक है। इसी को लेकर एसीओ ने किसानों के बीच बैठक की। गांव में करीब 800 काश्तकार हैं। एसीओ उमा शंकर राव ने कहा कि चक कटने से पूर्व सेक्टर का निर्माण आवश्यक है। पूरे गांव की जोत इन्हीं सेक्टरों में बांटी जाएगी। मौके पर ग्राम प्रशासक विजय कुमार, कानूनगो नेबू लाल गुप्ता, शत्रुघ्न पाल, लेखपाल अजय यादव, हेमंत पासवान, साबिर, विश्व नाथ, जुगुल किशोर आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा, आरोपी पर केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के बनौड़ा में मंगलवार शाम घर में घुसकर महिला और उसकी बहन से छेड़छाड़ करने और विरोध पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 6 बजे गांव का एक युवक घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। घर में मौजूद बहन ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ भी छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिताभ पुत्र हरिवंश के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

हॉट शाखा धान क्रयकेंद्र पर तीन किसानों से 70.20 कुंतल धान की खरीद

सहजनवां (गोरखपुर)। नवीन मंडी समिति सहजनवां में बनाए गए हॉट



शाखा सहजनवां प्रथम क्रय केंद्र पर बुधवार को तीन किसानों से 70.20 कुंतल धान की खरीद की गई। कटाई टिकर निवासी बृजपति से 35.20 कुंतल, बरौली निवासी उदयानंद उपाध्याय से 15 कुंतल और बुदहट निवासी देवकीनंदन शुक्ल से 20 कुंतल धान खरीदा गया। क्रय केंद्र पर पहुंचे तीनों किसानों को क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रंजन सिंह तथा केंद्र प्रभारी प्रदीप वर्मा ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान दयाराम, देवमन, राम करन, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र, मनीष कुमार सिंह, रामदयाल यादव, किस्मती, मनोज कुमार सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

सोनौली में ड्रग विभाग और एसएसबी का ताबड़तोड़ छापा, मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप

सोनौली (महराजगंज)। (आज) भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के सोनौली कस्बे में बुधवार को ड्रग विभाग और सशस्त्र सीमा बल (SSB) की 22वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने कस्बे की दर्जनों दवा दुकानों पर पहुंचकर दवाओं की गुणवत्ता और वैधता की जांच की तथा संदिग्ध दवाओं के नमूने एकत्र किए।

ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में ड्रग विभाग की टीम के साथ एसएसबी के इंस्पेक्टर और जवान मौजूद रहे। टीम ने मेडिकल स्टोरों पर उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, बिक्री से संबंधित अभिलेखों और लाइसेंस की जांच



की। साथ ही दवाओं की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज भी खंगाले गए। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नकली और नशीली दवाओं की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाना है। इसी क्रम में मेडिकल स्टोरों से दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिया कि चिकित्सक के पर्चे के आधार पर ही प्रतिबंधित श्रेणी की दवाओं की बिक्री करें और दवा कारोबार से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। सीमा पार तस्करी के नेटवर्क पर भी सवाल सूत्रों की मानें तो सीमावर्ती सोनौली कस्बे से नेपाल में नशीली दवाओं की

◆नकली और नशीली दवाओं की तलाश में दर्जनों मेडिकल स्टोर खंगाले, संदिग्ध दवाओं के नमूने लिए◆नेपाल तक फैले नशीली दवाओं के नेटवर्क पर उठ रहे सवाल, जांच रिपोर्ट का इंतजार

तस्करी का कारोबार तेजी से बढ़ने की चर्चाएं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मेडिकल स्टोरों की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार भी संचालित हो रहा है? हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संयुक्त टीम की छापेमारी के बाद अब जांच के लिए लिए गए नमूनों की रिपोर्ट और विभागीय कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं। बड़ा सवाल यह है कि सीमा पार नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए यह अभियान कितना कारगर साबित होगा और इस अवैध कारोबार के पीछे कौन लोग सक्रिय हैं।

बालू लदा ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ा, चालक फरार

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के उपनगर के ग्राम भीटी के पास स्थित बारा नगर पेट्रोल पंप के नजदीक रामजानकी मार्ग पर बुधवार को अपराह्न एक बालू लदा ट्रेलर तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि ट्रेलर की चपेट में कोई दूसरा वाहन या राहगीर नहीं आया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब दो बजे बड़हलगंज की तरफ से आ रहा मोरंग बालू लदा ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया।

लहराते हुए सड़क के डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन से उतरकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। दुर्घटना ग्रस्त ट्रेलर का नंबर बीआर 06 जीजी 7884 है।



वाहन बिहार में पंजीकृत बताया जा रहा है और उस पर विनायक ट्रेवल का नाम दर्ज है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चालक के नशे में होने या नींद आने के कारण वाहन अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं

◆रामजानकी मार्ग पर एक ही दिन में दो हादसे, वृद्ध की मौत के बाद दूसरा हादसा टला

हुई है। सूचना मिलने के बाद देर शाम मौके पर पहुंची पुलिस ट्रेलर को डिवाइडर से हटवाने में जुट गई। थाना प्रभारी सीपी पाण्डेय ने बताया कि वाहन स्वामी को सूचना दे दी गई है। ट्रेलर को डिवाइडर से उतारने की कार्रवाई की जा रही है।

पशु स्वास्थ्य आरोग्य मेला का आयोजन

बनकटी / आनंदनगर (महाराजगंज)। पशुओं के स्वस्थ रखने के उद्देश्य शासन की मंशा के अनुसार आज फरेंदा पशु चिकित्सालय के अंतर्गत मथुरा नगर भारी वैसी में स्वास्थ्य मेले का धूमधाम से आयोजन किया गया था। इस अवसर पर आए हुए पशु पालकों को निशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीनदयाल ने कहा कि पशुओं के स्वस्थ रखने के उद्देश्य शासन की मंशा के अनुसार मेले का आयोजन किया जा रहा है। आए हुए सभी लोगों को निशुल्क दवा एवं चिकित्सा कार्य किया गया। इस अवसर पर एंबुलेंस के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद कुमार पांडे उपस्थित रहे। पशु मेले में 283 पशु आए थे बड़े पशुओं की संख्या 114 छोटे पशु 169 चिकित्सा किया गया। पशु की संख्या 42 क्रीमी दवा वितरण की संख्या 211 बांझपन 25 बढ़िया कारण 22 गर्भ जांच 19 पशुओं का किया गया। कार्यक्रम मैं प्रमुख रूप से डॉ दीन दयाल डॉक्टर अरविंद कुमार पांडे ए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिवाकर यादव सोनू कुमार आदि प्रमुख रहे।

पिकप चालक ने बाइक में मारी ठोकर, केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के बिकौरा निवासी प्रदीप चौरसिया पुत्र दयानंद चौरसिया के भाई सदानंद चौरसिया अपनी बाइक से कंपियरगंज दुकान पर जा रहे थे। माडर गांवों के पास पहुंचे थे कि अनियंत्रित पिकप चालक ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिकप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

तहसील में अनियमितता को लेकर बार एसोसिएशन ने मंडलायुक्त से की शिकायत

रुद्रपुर (देवरिया)। (आज) तहसील रुद्रपुर में कथित अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का मामला अब मंडल स्तर तक पहुंच गया है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यानंद पांडेय और महामंत्री विनोद पाठक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त गोरखपुर इन्द्र भूषण सिंह को शिकायती पत्र भेजकर तहसीलदार सहित संबंधित कर्मचारियों के कार्य व्यवहार की जांच कराने की मांग की है। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि तहसील के आरके/एआरके कार्यालय एवं कंप्यूटर कक्ष में कार्यरत कुछ कर्मचारियों के माध्यम से अवैध वसूली और अनियमितताएं की जा रही हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। बार एसोसिएशन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर अधिवक्ता आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। बैठक में रामेश्वर मणि, पंकज कुमार शुक्ला, कृष्णमूर्ति मणि, सत्य प्रकाश गुप्ता, वशिष्ठ नारायण पांडे, अशफाक अहमद, रमेश चंद्र मणि परमहंस यादव, राजेश्वरी मिश्रा, फणीन्द्र नाथ पांडे, सुधांशु मौलि ओझा, धीरज कुमार सिंह, विश्व विजय मल्ल और चंद्रेश कुमार गौतम आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम, नुक्कड़ नाटक में द्वितीय स्थान हासिल कर राजीव गांधी कॉलेज ने बढ़ाया मान

नौतनवां (महराजगंज) (आज)। फार्मेसी दिवस एवं नेशनल फार्मेसी वीक 2026 के तहत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित शैक्षणिक एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नौतनवा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम और नुक्कड़ नाटक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यार्थियों ने संस्थान का नाम रोशन किया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 2 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम का विषय स्वस्थ भारत एवं एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR) रहा। इसमें गोरखपुर एवं बस्ती मंडल के विभिन्न फार्मेसी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के



माध्यम से एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग और उनके अनावश्यक सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में महेश गुप्ता, दूधनाथ गुप्ता एवं विशाल अग्रहरि ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में मोहम्मद कैफ खान, सपना गौतम, राम सेवक, मंशा, अनन्या,

◆फार्मेसी दिवस एवं नेशनल फार्मेसी वीक में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

काजल, सलोनी, अनुज एवं आयुष अग्रहरि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए एंटीबायोटिक दवाओं के सही इस्तेमाल और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों की सफलता पर कॉलेज प्रबंधक डॉ. अजीत मणि त्रिपाठी ने विजेताओं एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और प्रतिभा का परिणाम है। संस्थान के निदेशक डॉ. शोभा राम साहू ने कहा कि फार्मेसी शिक्षा का उद्देश्य केवल औषधियों का ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि समाज में दवाओं के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। एंटीमाइ क्रोबियल रेजिस्टेंस आज वैश्विक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है।

ऐसे में फार्मेसी विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे आमजन को एंटीबायोटिक के उचित उपयोग के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ. छाया साहू, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ शनि श्रीवास्तव, आरजू खान, आकांक्षा चौरसिया, सबे नूर, अभय सिंह, निशा गुप्ता सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बीआईटी में टेक युवा महोत्सव का आयोजन

सहजनवां (गोरखपुर)। बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गीडा में सोमवार को टेक युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इनोवेटिव मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीडा के मुख्य कार्य पालक अधिकारी विशाल कु.(आईएएस) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उद्यमशीलता को बढ़ावा देते हैं। महोत्सव में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन विभिन्न विश्व विद्यालयों से आए विशेषज्ञों और बुद्धा ग्रुप के शिक्षकों की संयुक्त टीम ने किया।



मूल्यांकन उपयोगिता, नवीनता और सामाजिक प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव डॉ. आलोक मिश्रा (आईएएस) रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के सचिव डॉ. रजत

◆विद्यार्थियों ने दिखाए तकनीकी मॉडल

अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करना संस्थान की प्राथमिकता है। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, महानिदेशक प्रो. गोविंद पांडेय, सीटीओ विजय श्रीवास्तव सहित सभी निदेशक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

रुद्रपुर (देवरिया)। (आज) स्थानीय रामजी सहाय पी जी कॉलेज



के शिक्षकों ने उप्र विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर आज इकाई महा विद्यालय शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांध कर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया, शिक्षकों ने कहा कि जब तक हमारी लंबित मांगे पुरानी पेंशन बहाली, अनुदानित महा विद्यालय में स्ववित्त पोषी शिक्षकों का विनियमिती करण, ऑनलाइन ट्रांसफर, अनापत्ति प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त हो, पीएचडी इंक्रीमेंट, सेवानिवृत्ति की आयु 62 से 65 वर्ष करने जैसी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक शिक्षक शांत नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डा.आशुतोष कुमार सिंह, गुआक्टा प्रतिनिधि शरद वर्मा, डॉ अजय कु. पाण्डेय, अध्यक्ष, अनुमोदित शिक्षक संघ, डा.आनंदमोहन, बृजेश प्रजापति, डा. नरेंद्र शर्मा, मनीष कुमार, गौरव पाण्डेय, डॉ अशोक सिंह, डॉ सुधीर श्रीवास्तव डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डॉ पूनम मिश्रा, डॉ दिव्या त्रिपाठी, सुधीर दीक्षित सहित अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे!

महाराणा प्रताप महाविद्यालय में द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन सम्पन्न

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बुधवार को द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन संपन्न हुआ। महाविद्यालय के कला संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं शिक्षा संकाय के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन कराया गया। इस मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विषय संबंधी ज्ञान एवं अध्ययन की निरंतरता का आकलन करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने तथा शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर प्राप्त हुआ।

मनबढ़ों ने बाप, बेटे, बहन को पीटा चार पर केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र नौसढ़ निवासी आरती पत्नी रानू के पिता दिव्यांग है। वह शौच के लिये जा रही थी। उसी दौरान गांवों के मनबढ़ उसे देखकर गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ों ने दिव्यांग पिता और भाई को मारने पीटने लगे। घर पर आकर भाई धर्मेंद्र, ओम को जान से मारने की धमकी दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी किशन, दिनेश, संजना, रंजना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में पदयात्रा में उमड़ा सहजनवां का जनसैलाब

सहजनवां (गोरखपुर)। गोरखपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा में सहजनवां विधानसभा की दमदार भागीदारी रही। भाजपा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा में विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। सहजनवां विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ महाराणा प्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज, गोरखपुर पहुंचे। भाजपा के झंडों से सजे वाहनों और कार्यकर्ताओं के जोश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की विशाल भागीदारी ने संगठन की मजबूती और एकजुटता का संदेश दिया। पदयात्रा में कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और अराजकता के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

स्काउट-गाइड शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे जीवनोपयोगी हुनर

चौरीचौरा (गोरखपुर)। सेंट्रल पब्लिक एकेडमी चौरीचौरा में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि तहसीलदार संजय कुमार सिंह सहित विद्यालय के अतिथियों का तिलक लगाकर एवं स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को गांठ बांधने, तंबू निर्माण, बिना बर्तनों के भोजन बनाने, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विषम परिस्थितियों में स्वयं के साथ दूसरों की सहायता करने के तरीके भी सिखाए गए। मुख्य अतिथि तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक संस्कार भी प्रदान करता है। जिला प्रशिक्षक रितुराज ने इसे सेवा भावना, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पाण्डेय ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यार्थियों ने समाज और राष्ट्र की सेवा



◆तंबू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

अभिमन्यु दुबे एवं प्रशासिका डॉ. गीता दुबे ने कहा कि यह प्रशिक्षण जीवन को अनुशासित और आत्म निर्भर बनाने की कला है। प्रधानाचार्य रवि तथा अनुशासन एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

खाना बनाते समय घर में लगी आग, बेड और तख्ता जलकर क्षतिग्रस्त

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के भीमापार में मंगलवार रात खाना बनाते समय घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से बेड और तख्ता जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, अशोक शर्मा पुत्र उदय शंकर के घर में रात करीब आठ बजे भोजन बनाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने घर में रखे सामान को चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और मदद की। सूचना सहजनवां पुलिस को भी दी गई। इस घटना में परिवार को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



◆कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं शिक्षा संकाय के स्नातक और परास्नातक विद्यार्थियों ने लिया भाग